# नीतिआयोग ने जारी की रिपोर्ट : गरीबी कम करने में उत्तर प्रदेश सभी राज्यों में अव्वल

## चर्चा में क्यों?

17 जुलाई, 2023 को नीतिआयोग ने सभी राज्यों की प्रगति के संबंध में मल्टीडाइमेंशनल पावर्टी इंडेक्स-2023 की नवीनतम रिपोर्ट जारी की, जिसमें उत्तर प्रदेश गरीबों की संख्या घटाने के मामले में पूरे देश में अव्वल रहा है।

## प्रमुख बिंदु

- मल्टीडाइमेंशनल पावर्टी इंडेक्स-2023 की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार पूरे देश में गरीबी का प्रतिशत 24.85 से घटकर 14.96 प्रतिशत हो गया है। बहुस्तरीय गरीबी में शिक्षा स्वास्थ्य व जीवन स्तर के मानक भी शामिल हैं।
- उत्तर प्रदेश में 3 करोड़ 42 लाख 72 हज़ार 484 लोग बहुस्तरीय गरीबी से बाहर आ गए हैं। इस कारण 2015-16 के मुकाबले 2019-21 में राज्य में कुल आबादी में गरीबों का प्रतिशत 37.68 से घटकर 22.93 हो गया है।
- इसके बाद बिहार, मध्य प्रदेश, उड़ीसा व राजस्थान गरीबी दूर करने में प्रमुख राज्य रहे हैं।
- बहुस्तरीय मानक पर गरीबों की संख्या प्रतिशत में :

| **गरीबी के मानक** | **वर्ष 2015-16** | **वर्ष 2019-21** |
|---|---|---|
| पोषण | 30.40 | 18.45 |
| शिशु मृत्यु दर | 3.81 | 2.20 |
| मातृ स्वास्थ्य | 25.20 | 15.97 |
| स्कूल उपस्थिति | 9.96 | 7.62 |
| ईंधन | 34.24 | 17.95 |
| सफाई | 31.74 | 11.91 |
| पेयजल | 2.09 | 0.93 |
| बिजली | 18.34 | 4.98 |
| आवास | 33.35 | 19.56 |
| संपत्ति | 8.86 | 4.22 |
| बैंक खाते | 4.8 | 2.96 |

- गरीबी में कमी वाले उत्तर प्रदेश के दस ज़िले:

| **ज़िले** | **आई कमी (प्रतिशत में)** |
|---|---|
| महाराजगंज | -29.64 |
| गोंडा | -29.55 |
| बलरामपुर | -27.90 |
| कौशांबी | -25.75 |
| खीरी | -25.23 |
| श्रावस्ती | -24.42 |
| जौनपुर | -24.65 |
| बस्ती | -23.36 |
| गाजीपुर | -22.83 |
| कुशीनगर | -22.28 |
| चित्रकूट | -21.40 |

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/niti-aayog-s-report-up-tops-among-all-states-in-reducing-poverty